बसन्त कुमार कानूनगो

स्मारिका सह संयोजक एवं सह संपादक
पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान
जयपुर

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस संक्रमण का खतरा देखकर के देश में लॉकडाउन लगाया गया। इस आपदा में राज्य के पुरस्कृत शिक्षकों को भी सहायता में हाथ बटाना चाहिए, यह विचार था। तभी महासचिव जी का फोन आया। उन्होंने मुख्यमंत्री सहायता फंड में राज्य के पुरस्कृत शिक्षकों की ओर से 1 लाख रुपये सहायता राशि राज्य फोरम के माध्यम से देने की चर्चा की। उन्होंने कहा कि फोरम अध्यक्ष सुश्री निर्मल ग्रोवर दीदी व कोषाध्यक्ष श्री ओमप्रकाश जी शर्मा सहित पदाधिकारियों से भी चर्चा की जा रही है। नेक कार्य के लिए सभी की सहमति बनी और 22 मार्च को राशि एकत्रित करने का कार्य शुरू कर दिया गया। राशि एकत्रित करने का अभियान इतने बड़े मुकाम तक पहुंच जायेगा, यह कल्पना से परे था। राज्य इकाई का प्रस्ताव पुनीत कार्य करने के लिए और सभी जिलों के पदाधिकारियों और सक्रिय सदस्यों ने अपना कार्य समझकर के विपरीत परिस्थितियों में पूरा सहयोग दिया।

महासचिव जी की इच्छा थी कि राज्य के पुरस्कृत शिक्षकों ने राज्य फोरम के आह्वान पर इतना बड़ा पहला ऐतिहासिक नेक कार्य किया है और साथ में कोरोना से बचाव व जरूरतमन्द लोगों की सहयता का कार्य सभी 33 जिलों में सम्मानित शिक्षकों ने किया है। इसे स्थाई स्मृति रखने के लिए **कोरोना योद्धा राजस्थान के सम्मानित शिक्षक** नाम से स्मारिका प्रकाशित की जाये। राज्य इकाई ने प्रस्ताव स्वीकृत करके स्मारिका के संपादन में महासचिव जी को सहयोग करने और मुद्रण कराने की जिम्मेदारी मुझे दी गयी। मैंने पूरी जिम्मेदारी निभाने का मन से प्रयास किया है।

मंगलकामनाएं और बड़ों का आशीर्वाद!

बसन्त कुमार कानूनगो

बसन्त कुमार कानूनगो

श्यामा कंवर चौहान

सह संपादक एवं प्रदेश महिला सचिव
पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान

देश तथा राज्य में जब कोरोना संक्रमण महामारी का प्रकोप बढ़ने लगा तब पुरस्कृत शिक्षक होने के कारण मन में आमजन को कोरोना से बचाव के उपाय बताने का विचार आया तथा पीड़ितों के लिए सहायता राशि देने की भी सोची थी। तभी फोरम अध्यक्ष निर्मल ग्रोवर दीदी का फोन आया। राज्य फोरम ने कोविड-19 के लिए सहायता राशि 1 लाख रुपये देने का संकल्प लिया है। हमें मिलकर के प्रयास करने हैं और पूरी राशि का लक्ष्य पूरा करना है। कोविड फंड के लिए राज्य इकाई की ओर से महासचिव जी के नेतृत्व में राशि एकत्रित करने का कार्य प्रारम्भ हुआ जो 11 लाख 21 हजार रुपये राशि से भी आगे तक चला। राज्य फोरम महासचिव जी ने जिलों में कोरोना से बचाव जनजागरण कार्यक्रमों की तथा जरूरतमंद लोगों को जिला इकाईयों द्वारा सहायता पहुंचाने जैसे कार्यों की जिलेवार समाचार पत्रों की कटिंग्स व जिला इकाई की विज्ञप्ति के आधार पर रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा। यह कार्य मेरे रुचि का था। मैंने जिलों के कार्यक्रमों की फोटोज व समाचार पत्रों की कटिंग्स की सहयता से संक्षिप्त में रिपोर्ट तैयार की थी। प्रकाशित की जाने वाली स्मारिका के पृष्ठ सीमित संख्या में होने के कारण से जिलों के कार्यक्रमों की रिपोर्ट संक्षिप्त में ही तैयार करनी पड़ी। मुझे लेखन का कार्य पसन्द है।

श्यामा कंवर चौहान

श्यामा कंवर चौहान